C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:11 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:00 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 87 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 20 सितम्बर 2024

ऐश्वर्या के गाने देख उनके...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### उपाध्यक्ष सेतु आयोग की बैठक कल

**नैनीताल।** उपाध्यक्ष सेतु आयोग (पूर्व राज्य योजना आयोग) उत्तराखंड शासन राजशेखर जोशी, की अध्यक्षता में कल 21 सितंबर को सुबह 11 बजे से विकास भवन भीमताल में बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में मुख्य रुप से विभागों की विभागीय कार्ययोजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं, विशेष प्रोजेक्ट, विकास योजनाओं की समीक्षा, एस.डी.जी समीक्षा, चुनौतियों एवं नवाचार के संबंध, जिले की आर्थिक एवं विकास हेतु दृष्टिकोण/ नये विचार-सुझाव विचार विमर्श किया जाएगा। तत्पश्चात राजशेखर जोशी द्वारा जिले के कतिपय प्रोजेक्ट/ योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा।

### पांचवें राज्य खेल आयोजन की तैयारियां पूरी

**नैनीताल।** उत्तराखंड में 20 से 27 सितंबर तक पांचवें राज्य खेल का आयोजन होगा जानकारी देते हुए उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष महेश नेगी ने बताया खेलों को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। प्रदेश भर में करीब 6000 खिलाड़ी राज्य खेलों में प्रतिभा करेंगे। 20 से 23 सितंबर तक नैनीताल में गोल्फ, कयाकिंग- कैनोइंग,रोइंग यचिंग खेलों का आयोजन होगा।

जबकि हल्द्वानी में साइकलिंग और तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 25 और 27 सितंबर को काशीपुर में मॉडर्न पेंटथलों। 20 से 23 तक देहरादून में निशानेबाजी, रुड़की में स्क्रेयर्स हरिद्वार में ट्रायलोथान, रुद्रपुर में 20 से 23 सितंबर तक हॉकी, ताइक्वांडो, फुटबॉल, जूडो, कबड्डी, वुशू, बास्केटबॉल, बैडमिंटन,बॉक्सिंग वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, जिमनास्टिक, फेंसिंग,टेनिस, रेसलिंग,आर्चरी, हैंडबॉल, वॉलीबॉल,खो - खो, रोलर स्केटिंग, बोलिंग, नेट बोल खेलों का आयोजन होगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## रुद्रपुर में स्टेट ओलंपिक खेल शुरू, सांसद भट्ट ने किया शुभारंभ

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य ओलंपिक खेलों का सांसद अजय भट्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है। आज खेलों में करियर की अपार संभावनाएं हैं। खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों




के लिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं। खेलों में प्रतिभाग करने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिलता हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी साथ ही उन्होंने आयोजन की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए

**खेलकूद**
- सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है
- आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं

जिला प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर डीके सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में राज्य स्तरीय ओलंपिक खेलों का आयोजन सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि यहां श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने बताया कि 20 से 17 सितंबर तक चलने वाले राज्य ओलंपिक खेलों में करीब 6000 खिलाड़ी और कोच प्रतिभाग कर रहे हैं। खिलाड़ियों की आवास,भोजन पानी की पूरी व्यवस्था की गई हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा,डीएम उदयराज सिंह, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, रामपाल सिंह,ओलंपिक संघ के प्रभारी अध्यक्ष महेश नेगी, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, उपेंद्र चौधरी, नागेंद्र शर्मा, सुरेश कोली,अतुल जोशी आदि मौजूद रहे।

महिलाओं से लेकर युवाओं के लिए योजनाओं की शुरुआत

## पीएम मोदी का महाराष्ट्र दौरा पीएम मित्र पार्क की नींव भी रखी

मुंबई
एजेंसी

प्रधानमंत्री पुण्यश्लोक अहिल्या देवी होल्कर महिला स्टार्टअप योजना का भी शुभारंभ करेंगे। इस योजना के तहत महाराष्ट्र में महिला नेतृत्व वाले स्टार्ट अप को शुरुआती मदद दी जाएगी। इस योजना के तहत 25 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने वर्धा में आयोजित एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार की आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना की शुरुआत की। पीएम मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व वाले 'स्टार्टअप' को समर्थन देने के लिए महाराष्ट्र सरकार की पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर महिला स्टार्टअप योजना की शुरुआत की। उन्होंने अमरावती में 1,000 एकड़ के 'पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल' (पीएम मित्र) पार्क की भी आधारशिला रखी।

इस दौरान पीएम मोदी ने वर्धा में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा योजना का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर स्मारक डाक टिकट भी जारी



किया। इससे पहले पीएम मोदी ने राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी का दौरा किया तथा योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और ऋण वितरित किए। प्रधानमंत्री ने 18 ट्रेडों के तहत 18 लाभार्थियों को योजना के तहत ऋण वितरित किए। कहा गया, पीएम मित्रा पार्क भारत को वैश्विक वस्त्र निर्माण और निर्यात का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विश्वस्तरीय औद्योगिक ढांचा तैयार करने में मदद करेगा, जो बड़े पैमाने पर निवेश, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करेगा और इस क्षेत्र में नवाचार (इनोवेशन) व रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना के तहत राज्य के प्रसिद्ध कॉलेजों में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां 15 से 45 वर्ष की आयु के व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और विभिन्न रोजगार के अवसरों तक पहुंच हासिल कर सकें।

## गदरपुर क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना गदरपुर के क्षेत्र पिपलिया में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पोस्टमार्टम पैनल से हो रहा है। मामला सुसाईड का बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक गदरपुर के ग्राम पिपलिया निवासी 32 वर्षीय ममता राय पत्नी गौतम राय की संदिग्ध हालातों में घर पर तबियत बिगड़ गयी। परिजन उसे अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम पैनल से हो रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक महिला ने पड़ोसी से विवाद के चलते किसी कीटनाशक दवा का सेवन किया है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने मामले को लेकर जानकारी देने से इनकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी गयी थी।

### ई रिक्शा चालक का दिनेशपुर में मिला शव

**रुद्रपुर।** थाना दिनेशपुर क्षेत्र में ई रिक्शा चालक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उसके सिर पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक थाना दिनेशपुर क्षेत्र में ई रिक्शा चालक अमरपुर निवासी 50 वर्षीय जगदीश सिंह पुत्र खंडा सिंह का शव सड़क के पास पड़ा मिला। मृतक की शिनाख्त उसके भाई मंगत सिंह ने की। मृतक के शरीर व सिर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना दिनेशुर का कहना था कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिवार की ओर से कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है। तहरीर मिलने पर पुलिस जांच करेगी। इधर मृतक के भाई मंगत सिंह ने बताया कि भाई के सिर पर और शरीर पर चोट के निशान हैं।

## पुलिस का अवैध शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जनपद में अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। जबकि एक तस्कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों के पास से भारी मात्रा में शराब का जखीरा बरामद किया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक करतारपुर रोड पर दो लोग बाईक पर कुछ कट्टे ले जा रहे थे। गश्ती पुलिस ने दोनों का पीछा किया तो बाईक सवारों ने आगे चलकर बाइक पर रखे कट्टे एक चाहदिवारी के अंदर फैंक दिए। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को पकड़ लिया। जबकि बाईक चला रहा व्यक्ति फरार हो गया। कट्टों की तलाशी ली गयी तो उसमें 385 पाउच कच्ची शराब बरामद हुयी। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम सुखदेव सिह पुत्र दर्शन सिह निवासी बिन्दु खेड़ा बताया। जबकि बाईक मे भागने वाले व्यक्ति का नाम संदीप निवासी बिन्दुखेड़ा बताया। इसके अलावा पुलिस ने रामपुर रोड़ पर गश्त के दौरान खाली पड़ी जमीन में पेड़ के पीछे बैठकर एक व्यक्ति कच्ची शराब बेच रहा है। जब मौके पर पहुंचे तो उक्त व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमर सिंह पुत्र स्व० गेंदन लाल निवासी वार्ड 8 रम्पुरा बताया। उसके पास मिले सफेद प्लास्टिक के कट्टे में 45 पाउच कच्ची शराब बरामद किए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है।

## हल्द्वानी के वार्ड-14 में पेयजल लाइन बिछाने को लेकर हंगामा, काम ठप कराया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर निगम के टनकपुर रोड वार्ड-14 में लगे ट्यूबवेल से वार्ड-13 राजपुरा के लिए पेयजल लाइन बिछाने से लोग भड़क उठे। इस दौरान उन्होंने पाइप लाइन बिछाने का काम ठप कराते हुए प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि ट्यूबवेल से पहले उनके वार्ड में संयोजन दिये जाए।

वार्ड-14 के निवर्तमान पार्षद महेश चंद्र के नेतृत्व में तमाम महिला व पुरुष शुक्रवार को एकत्र हुए और जल निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पाइप लाइन बिछाने का काम ठप करा दिया। इस दौरान उनका कहना था कि टनकपुर रोड वाले इलाके में पहले से ही पानी की किल्लत है, ऐसे में जल निगम राजपुरा वार्ड के लिए लाइन बिछाकर ट्यूबवेल से जोड़ रहा है। सूचना पर जल निगम के जेई भी मौके पर पहुंचे लेकिन लोगों ने उनका



घेराव कर पहले उनके वार्ड में पर्याप्त पेयजल संयोजन दिये जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन करने वालों में शबीना, रूप जहां, सलमा, नसरीन, सोबर सिंह, नाजरा, रुखसारा, नाजमीन, अफसाना, मुबीना, रोनक, बबली, इशरत जहां, अनीसा बेगम, सीमा, शहनाज, खुशनुमा, रीना, नसरीन, समीर जहां, अरबाज, तसलीम, मो.रफी, फातिमा, निखत, अफरोज जहां समेत तमाम लोग शामिल थे।

**नारेबाजी**
- टनकपुर रोड वार्ड के लोग सड़क पर उतरे, जल निगम के खिलाफ की नारेबाजी

### लाइन बिछाने से टनकपुर रोड वार्ड के लोगों को होगा फायदा: ईई

**हल्द्वानी।** जल निगम के ईई एके कटारिया ने बताया कि टनकपुर रोड में पाइप लाइन बिछाने को लेकर हंगामे की सूचना मिली है। हालांकि पेयजल लाइन स्वीकृति के बाद ही बिछाई जा रही है। उन्होंने बताया कि टनकपुर रोड वार्ड में राजपुरा के ओवरहेड टैंक से ही पानी की आपूर्ति होती है। लोगों को समस्या न हो इसके लिए राजपुरा ओवरहेड टैंक से इस लाइन को जोड़ा जाना है। ईई के अनुसार टनकपुर रोड वार्ड में ओवरहेड टैंक बनाने की मांग उठाई गई है लेकिन जमीन उपलब्ध न होने के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है।

# असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण को लेकर कार्यशाला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



हल्द्वानी में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार लगातार चल रही संवेदीकरण कार्यशाला में आज डीएवी सेंटरी स्कूल, में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभाग जैसे पुलिस, स्वास्थ, शिक्षा एवं परीवीक्षा विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। अपर निदेशक, प्रशिक्षण ऋचा सिंह ने बालिकाओं से वार्ता करते हुए ऐसे स्थानों के बारे में पूछा जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं, साथ ही बताया कि पिछली कार्यशालाओं में चिन्हित स्थानों पर समस्त संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही भी की जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने बालिकाओं को बिना डरे असुरक्षित स्थानों को चिन्हित करने के लिए कहा एवम बताया कि हल्द्वानी में इन कार्यशालाओं का असर देखने को मिल रहा है। बालिकाओं द्वारा हल्द्वानी में विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया गया जैसे रिलायंस मॉल कमलुआगांजा के पीछे आम का बगीचा, मेन मार्केट हल्द्वानी, डहरिया में इकोटाउज और पलैजियो के आसपास, हिम्मतपुर मल्ला, हरीनगर, दयाल विहार, कुसुमखेड़ा, त्रिमूर्ति चौराहे के आसपास गलियों में, आर के टेंट हाउस रोड, जगदम्बा नगर पार्क आदि। बालिकाओं द्वारा बताया गया की आम के बगीचे, रिलायंस मॉल के पीछे, कमलुआगांजा पर हर दिन ड्रग्स और शराब के नशे में लड़के झुंड बनाकर बैठे रहते हैं और आते जाते लड़कियों से छेड़खानी करते हैं, यह बेहद संवेदनशील जगह है जहां पर अप्रिय घटना होने की संभावना है। कुछ चिन्हित स्थानों में ड्रग्स और शराब का कारोबार भी चलता है, सुनसान रास्ते में लड़के पीछा करते हैं, ऑटो वाले जानबूझकर सुनसान रास्ते से ले जाते हैं, अंधेरे का फायदा उठाकर लड़के बाइक से आकर गलत तरीके से छूते हैं और भद्दे कमेंट्स करते हैं। डीएवी स्कूल के प्राध्यापक ने बताया कि स्कूल के बाहर छुट्टी के समय अक्सर लड़के काले शीशे की बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों में खड़े रहते हैं, कई बार मना करने पर भी नही सुनते, जिससे बालिकाओं को असुविधा होती है। कार्यशाला मे बालिकाओं ने कुछ सुझाव भी पेश किए जैसे चिन्हित जगह पर लगातार पुलिस पेट्रोलिंग, गलियों में स्ट्रीट लाइट, ऑटो चालक एवम ई-रिक्शा चालक का सत्यापन, ऑटो या रिक्शा स्टैंड पर एवम अन्य चिन्हित स्थानों पर गश्त आदि। इस कार्यशाला में चिन्हित स्थानों एवम कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदया को प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम ने हेल्पलाइन नम्बर्स की जानकारी दी। इन लगातार हो रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य भय मुक्त वातावरण को बनाना है जहां बालिकाएं स्वयं को असुरक्षित ना महसूस करें और विश्वास के साथ कहीं भी आ जा सके, उन्हें आने-जाने में भय ना लगे और जिस भी क्षेत्र में छेड़छाड़ या बच्चियों को असुरक्षा महसूस हुई है उनमें जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकायें, सुपरवाईजर सुशीला ग्वाल उपस्थित रहे।

## शीतल आर्या का असिस्टेंट प्रोफेसर में हुआ चयन



**नैनीताल।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से असिस्टेंट प्रोफेसर में शीतल आर्या का चयन हुआ है। शीतल आर्य मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिर से 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद किरोड़ीमल कॉलेज (डीयू) से राजनीति शास्त्र में ऑनर्स किया तथा मास्टर्स जेनयू दिल्ली से किया। वर्तमान में शीतल जेएनयू से ही प्रो. फूलबदन के सुपरविजन में अंतरराष्ट्रीय संबंध में पीएचडी कर रही हैं। शीतल आर्या मूल रूप से रामगढ़ रोड भवाली की निवासी हैं और वर्तमान में नैनीताल में रहती हैं। शीतल के पिता कुमाऊं मंडल विकास निगम से अगस्त माह में सेवानिवृत हुए हैं। उनकी माता ग्रहणी है और छोटे भाई दिल्ली यूनिवर्सिटी में फिजिक्स ऑनर्स के छात्र हैं। शीतल आर्या ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों एवं माता-पिता एवं संबंधियो को दिया हैं।



## पॉक्सो एक्ट बच्चों को यौन शोषण से बचाने को कानूनी जागरूकता शिविर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पॉक्सो एक्ट बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए महत्वपूर्ण कानूनों में से एक है, इसकी जागरूकता व इस अधिनियम के प्रचार-प्रसार, बच्चों को इससे अवगत कराने के क्रम में यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य महोदय पी डी पलड़िया, समन्वयक कंचन पंत ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को बताया कि आज समाज में न केवल लड़कियों के साथ बल्कि लड़कों के साथ भी यौन अपराधों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण कानूनों में से एक है। इसे पॉक्सो कानून भी कहते हैं। इसमें लड़के और लड़कियो में भेद न करते हुए , जो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन दुर्व्यवहार और शोषण से सुरक्षा का अधिकार प्रदान करता है तथा इस सिद्धांत पर काम करता है कि लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए।

इस मौके पर कमिटी द्वारा विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में बताया। इसके साथ खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं को कानून के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया।

# जानलेवा हमला करने के आरोपी पिता व पुत्र की जमानत खारिज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**कोर्ट**

- मेडिकल रिपोर्ट देखते हुए माना गंभीरी अपराध

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने जानलेवा हमला करने के आरोपी पिता व पुत्र की जमानत खारिज कर दी। जानलेवा हमला करने वाले आरोपी पंकज सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह उर्फ राम सिंह तथा राजेन्द्र सिंह उर्फ राम सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी ग्राम दाड़िमा थाना मुक्तेश्वर हैं।

अभियोजन पक्ष के अनुसार टीकम सिंह निवासी ग्राम दाड़िमा मुक्तेश्वर ने 17 जून 2024 को थाना मुक्तेश्वर में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 12 जून2024 को उस के घर के पास रात्रि में बहादुर सिंह पुत्र नारायण सिंह, योगेश सिंह पुत्र बहादुर सिंह, माया देवी पत्नी बहादुर सिंह, राम सिंह पुत्र नारायण सिंह, पंकज पुत्र राम सिंह, सरस्वती देवी पत्नी राम सिंह ने जमीन सम्बन्धी विवाद पर उस पर लाठी-डंडों, चाकू तथा खुखरी से जानलेवा हमला किया जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया और उसके एक आंख की रोशनी चले गई। इस मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार पंकज सिंह व उसके पिता राजेन्द्र सिंह उर्फ रामसिंह की जमानत अर्जी सुनवाई के लिए गुरुवार को कोर्ट में पेश हुई थी जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता (फ ौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने विरोध किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मेडिकल रिपोर्ट तथा गवाहों के बयानों व आंख की रोशनी की स्थिति को देखते हुए अभियुक्तगणों द्वारा किये गये अपराध गंभीर मानते हुए पंकज व राजेन्द्र सिंह उर्फ राम सिंह का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नियमितीकरण नियमावली शीघ्र जारी करने संबंधी मांग को लेकर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात की

नैनीताल

हमारे संवाददाता



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सूबे के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात की।

इस दौरान महासंघ द्वारा उन्हें नियमितीकरण नियमावली शीघ्र जारी करने संबंधी मांग पत्र दिया गया। गुरुरानी ने कहा कि पर्यटन मंत्री से यह निवेदन किया गया है कि नियमितीकरण नियमावली की कट ऑफ डेट 2024 करने संबंधी प्रस्ताव कैबिनेट में शीघ्र पारित किया जाए जिससे वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारी को नियमितीकरण का लाभ मिल पाएगा।

मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि शीघ्र ही नियमितीकरण नियमावली संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जाएगा। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पर्यावरण संरक्षण के तहत नियमितीकरण संबंधी आंदोलन गुरुवार को 78वें दिन भी जारी रहा। यह आंदोलन नियमितीकरण होने तक जारी रहेगा। मंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित तथा कंचन चंदोला, प्रचार मंत्री पीतांबर दुमका, गौतम कुमार तथा कार्यकारी अध्यक्ष संजय भट्ट समेत अनिल जोशियाल, प्रेम सिंह रावत,सुमेर सिंह रावत व नरेंद्र थापा व एच. एस. मेहरा शामिल रहे।

**मांग**

- नियमितीकरण नियमावली शीघ्र जारी करने संबंधी मांग पत्र दिया
- नियमितीकरण संबंधी आंदोलन गुरुवार को 78वें दिन भी जारी

## NEWS / फटाफट

### जमीयत उलेमा-ए-हिंद नैनीताल की नई कार्यकारिणी गठित





**नैनीताल।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद की शहर नैनीताल की नई कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को किया गया। शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद अजमल को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तल्लीताल मस्जिद के इमाम मौलाना नईम अहमद को उपाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव पद पर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद फैज़ान, सचिव कार्य मसूद को नियुक्त किया। वही कोषाध्यक्ष जमाल को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी का गठन जामा मस्जिद नैनीताल में संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद मुकीम ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी अपने पद का बखूबी निर्वहन करेंगे और समाज व अवाम के हित में कार्य करेंगे। इस दौरान जिला महासचिव मौलाना मोहम्मद कासिम, नगर अध्यक्ष हल्द्वानी मौलाना मोहम्मद सलमान मौजूद रहे।

### फर्जी इंस्ट्राग्राम आईडी बनाकर वसूली का आरोप

**नैनीताल।** मल्लीताल स्थित स्टोनले कंपाउंड क्षेत्र में रहने वाले युवक की फर्जी इंस्ट्राग्राम आईडी बनाकर लोगों से पैसे मांगने का मामला सामने आया है। युवक की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्टोनले कंपाउंड क्षेत्र निवासी पंकज रौतेला की ओर से शिकायती पत्र देते हुए कहा गया है कि इंस्टाग्राम में किसी अज्ञात व्यक्ति की ओर से उसकी फर्जी आईडी बनाई गई है। फर्जी आईडी से उसके परिचितों से पैसों की मांग की जा रही है। साथ ही बार बार मैसेज कर परेशान किया जा रहा है। उसको कई लोगों के फ ोन आ रहे हैं जिससे उसको दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि शिकायत साइबर सेल को भेज दी गई है।

### नैनीताल जिले की फुटबाल टीम का चयन

**हल्द्वानी।** जिला फुटबाल एसोसिएशन नैनीताल के तत्वावधान में दो दिन के ट्रायल के बाद जिले की फुटबाल टीम का चयन किया गया। ट्रायल में 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से 18 का नैनीताल जिले की टीम में चयन किया गया। टीम में सौरभ धपोला, अजय वाचमी, पीयूष पाल, दिवाकर पंत, हर्षित जोशी, तनिष्क भंडारी, चेतन पांडे, देवाशीष, प्रवीण बिष्ट, विनीत जंगपांगी, हिजफान खान, राहुल दानू, मोहित खत्री, आदित्य रावत, लक्ष्य नेगी, जनक बिष्ट, मोहित राणा, ऋतिक थापा शामिल हैं। ट्रायल के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी अख्तर अली, जितेंद्र बिष्ट, किशोर पाल, आनंद सिंह, महेश बिष्ट, गोविंद परिहार, जीवन सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

### प्रो. जोशी को वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया



**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के गणित और कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग में एसोसिएट प्रो.डॉ. बी.पी. जोशी को वर्ष 2024 के लिए विश्व के शीर्ष 2 शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए द्वारा एल्सेवियर.स्कोपस के सहयोग से जारी सूची में दिया गया है। डॉ. जोशी की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और देश के लिए गर्व की बात है। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति ने कहा यह न केवल डा. जोशी की व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि विश्वविद्यालय के उच्च शैक्षिक मानकों और अनुसंधान में हमारे योगदान को भी दर्शाता है।

### घर के बाहर खड़ी बाईक चोरी, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर ।** बाइक चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। फुलसुंगा क्षेत्र में वाहन चोरों ने एक और बाइक पर हाथ साफ कर लिया। ग्राम घोसियाना जिला लखीमपुर खीरी निवासी दीप सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी हीरो स्प्लेंडर बाईक संख्या यूपी 22एपी 6283 नई बस्ती फुलसुंगा में एक मकान के बाहर खड़ी की थी। करीब दो घंटे बाद जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

# अभिमत



## बर्बादी के संकेत

***नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने स्वतः संज्ञान लिया है, इससे जाहिर होता है कि मामला गंभीर है। बागेश्वर में अवैध रूप से खड़िया खनन अकेला मामला नहीं है, उत्तराखंड की नदियों का सीना चीर कर मशीनों से रेता, बजरी, पत्थर का अवैध खनन और माफिया व वन विभाग की सांठगांठ से पेड़ों का कटान करके जंगल नष्ट किये जा रहे हैं। वन संपदा और खनिज की दृष्टि से उत्तराखंड पिछड़ा राज्य कतई नहीं है। प्रकृति ने पर्वतीय क्षेत्र से लेकर भाबर व तराई तक अमूल्य सम्पदा दी है। माफियाओं को नौकरशाही तथा सियासत से जुड़े लोगों का संरक्षण प्राप्त है। वन में हरे-भरे पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है। जंगल में वन्यजीवों की हत्याकर उनके अंगों की तस्करी की जाती है।***

उत्तराखंड में नियम के विरुद्ध कार्य के मामलों की भरमार हो गई है। पर्यावरण को क्षति के साथ ही पहाड़ की बर्बादी के संकेत मिल रहे हैं। बागेश्वर में खड़िया का खनन वर्षों से होता रहा है। मशीनों से खनन के कारण मंदिरों, घरों और सड़कों में दरारें पड़ने से जोशीमठ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने केन्द्र सरकार और केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड से जवाब तलब किया है। एनजीटी के प्रमुख जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिलाधिकारी से रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। पिछले साल मानसून के दौरान जोशीमठ में होटलों, सड़कों और दर्जनों घरों में दरारें पड़ने पर घरों को खाली कराया गया था। दो होटल ध्वस्त कर दिये थे। मानसून के दौरान घरों को खाली कराना स्थायी समाधान नहीं है। बरसात का मौसम बीतने के बाद लोगों को दरार पड़े घरों में ही पुनः भेजकर उनके जीवन से खिलवाड़ है। जोशीमठ की आपदा से सबक नहीं सीखा। उत्तराखंड के पूरे पर्वतीय क्षेत्र में लोग खतरे की जद में हैं। ऑल वेदर रोड, सड़कों का चौड़ीकरण करने के लिए हजारों पेड़ों को काटा जा रहा है। मशीनों और विस्फोट से चट्टानों को ध्वस्त किया जा रहा है। खोखला कर देने से पहाड़ दरक रहा है। पेड़ कटने से जंगल खत्म हो रहे हैं। जंगल वन्यजीवों का आवास हैं। वन क्षेत्र में रिसॉर्ट और आवासीय कालोनियां अवैध रूप से विकसित हो रही हैं। जंगल में स्वच्छंद विचरण करने वाले वन्यजीव अपनी निजता का उल्लंघन होने से हिंसक हो रहे हैं और शहर व गांव में मनुष्यों, पालतू पशुओं पर हमला कर रहे हैं। पेड़ काटने से वन क्षेत्र सिमटता जा रहा है। उत्तराखंड का करीब 65 प्रतिशत क्षेत्र जंगल होने से पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसी लिए राज्य सरकार ग्रीन बोनस की मांग करती रही है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने स्वतः संज्ञान लिया है, इससे जाहिर होता है कि मामला गंभीर है। बागेश्वर में अवैध रूप से खड़िया खनन अकेला मामला नहीं है, उत्तराखंड की नदियों का सीना चीर कर मशीनों से रेता, बजरी, पत्थर का अवैध खनन और माफिया व वन विभाग की सांठगांठ से पेड़ों का कटान करके जंगल नष्ट किये जा रहे हैं। वन संपदा और खनिज की दृष्टि से उत्तराखंड पिछड़ा राज्य कतई नहीं है। प्रकृति ने पर्वतीय क्षेत्र से लेकर भाबर व तराई तक अमूल्य सम्पदा दी है। माफियाओं को नौकरशाही तथा सियासत से जुड़े लोगों का संरक्षण प्राप्त है। वन में हरे-भरे पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है। जंगल में वन्यजीवों की हत्याकर उनके अंगों की तस्करी की जाती है। अमूल्य जड़ी-बूटी जंगल में आग लगाकर नष्ट की जा रही है।

# अंतर विद्यालयी बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बालिकाओं के बहुमुखी विकास के लिए सदैव प्रयासरत नैनीताल के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज में गुरुवार से पांचवी शेरेड मेमोरियल अंतर विद्यालयी बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो गया है। गुरुवार को टूर्नामेंट में नैनीताल और भवाली से आई हुई 10 विद्यालयों की टीमों के बीच मैच खेले जायेंगे।

बता दें कि प्रतियोगिता में सभी 10 टीमों को पूल ए, बी, सी और डी में बांटा गया है। प्रतियोगिता की शुरुआत प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों को खेल भावना के साथ और नियम के अनुसार खेलने की शपथ दिलाकर की। पहले दिन 6 लीग मैच खेले गए। दिन का पहला मैच ऑल सेंट्स ब्लू और मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के बीच खेला गया। यह मैच 20-0 से ऑल सेंट्स ब्लू के नाम रहा। मुकाबले में विजेता टीम की नंदिनी बिष्ट ने 09 तथा गुरदृष्टि कौर ने 04 जबकि एंजल मदान ने 03 और स्निग्धा पांडेय ने 02 गोल दागकर मुकाबला अपने नाम किया। दिन का



दूसरा मुकाबला सेंट मेरीज कॉलेज और बाल विद्या मंदिर के बीच खेला गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ खेले गया इस मुकाबले में 4-2 से सेंट मेरीज़ कॉलेज ने जीत दर्ज की। मुकाबले में विजेता टीम की खुशी धर्मशक्तू, गरिमा सिंह, कोमल मेहरा और नुपुर कार्की ने एक एक गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई वहीं प्रतिद्वंदी टीम की कंचन आर्या और निहारिका सिंह ने भी 1 -1 गोला किए।

तीसरा मैच ऑल सेंट्स व्हाइट टीम और सेंट जॉन्स स्कूल के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मेजबान विद्यालय की टीम ने 13 -0 से जीत दर्ज की। इस मैच में समायरा सिद्धू ने 05 जबकि सेरिंग युत्सो ने 04 और इप्सा जैसवाल ने 02 गोल दागे। इसके बाद नैनीताल के सनवाल स्कूल और भवाली के डी वीटो स्कूल के मध्य खेला गया, मैच 8- 0 से सनवाल स्कूल की बालिकाओं ने अपने नाम किया। विजेता टीम से खुशी बिष्ट ने 06 गोल दागे। दिन का पांचवा मुकाबला सेंट मेरीज कॉलेज और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की साक्षी बिष्ट ने 01 और कनिष्का आर्या ने 01 गोल दाग कर अपने नाम किया वही प्रतिद्वंदी टीम की प्राणिका मेहरा ने भी 1 गोल किया। आज का आखिरी मुकाबला जीजीआईसी नैनीताल और ऑल सेंट्स व्हाइट के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में जीजीआईसी की ओर से माया रावत ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए 01 गोल दागा। इसके मुकाबले में ऑल सेंट्स व्हाइट की अनीक बाजवा ने 02, इप्सा जैसवाल ने 02 और समायरा सिद्धू व सेरिंग युत्सो ने 1-1 गोल दागकर 6- 1 से मैच अपने नाम किया।

मुकाबलों में डॉ मनोज बिष्ट, बृजेश बिष्ट, अपूर्व बिष्ट तथा पवन बिष्ट और गौतम साह निर्णायकों की भूमिका में रहे। टूर्नामेंट में 20 सितंबर (आज) को भी 6 मैच खेले जाएंगे वही 21 सितंबर (शनिवार) को सुबह के सत्र में सेमी फाइनल व शाम के सत्र में फ इनल मैच खेला जाएगा। मुकाबलों के दौरान मेजबान प्रधानाचार्या किरन जरमाया समेत मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के मैनेजर और कूर्माचल बैंक के चेयरमैन विनय साह, कर्नल साह, श्रीमती साह, गीता साह, आलोक साह, कर्नल संजय पंवार समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका ज्योतिका गिल और सीमा ठुलघरिया ने किया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवकिल पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइलेंस लिमिटेड से हिना कौसर पत्नी मो0 कलीम संपत्ति खरीदने के लिए ऋण ले रहे हैं, जो कि मो0 हारून पुत्र अल्लाउद्दीन के खसरा नं0 96 मि0 मद्ये रकवा 375 वर्गफीट में स्थित एक घर ग्राम गौजाजाली उत्तर हल्द्वानी जिला नैनीताल के सब रजिस्ट्रार हल्द्वानी में दिनांक 14 .07.2014 क्रमांक 4563 में पंजीकृत है। जिसके पूर्व में मूल विक्रय पत्र बैनामा शिवनाथ, किशननाथ पुत्रगण श्री बच्चूनाथ ने अशफाक पुत्र भोला के नाम बुक नं. 1 खंड 1784 पृष्ठ 107 से 120 क्रम सं. 4286 उपनिबंधक प्रथम में दिनांक 26.06.2013 में रजिस्ट्रीकरण किया गया।

उपरोक्त मूल रजिस्ट्री कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। इस संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति है तो 7 दिन के भीतर संपर्क करें। **-एड0 मनोज सिंह बिष्ट, हॉल नं.06, टॉप फ्लोर, सनवाल प्लाजा, दुर्गासिटी सेंटर, हल्द्वानी (नैनीताल) मो0-9412128233**

# 8 सूत्रीय मांगों को स्वास्थ्य महानिदेशक को भेजा पत्र

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विभिन्न अनियमितताओं को लेकर चर्चित कैंप कंपनी का अनुबंध निरस्त कराने की मांग व अन्य 8 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड बेरोजगार संघ व उत्तराखंड युवा एकता मंच के पदाधिकारियों ने सीएमओ के माध्यम से स्वास्थ्य महानिदेशक को पत्र भेजा।


उन्होंने कैंप कंपनी द्वारा 108 एंबुलेंस के ड्राइवरों से टायर की घिसाई के नाम पर 3000 से लेकर 7000 तक वेतन काटने की शिकायत की साथ ही बताया की नैनीताल मे लम्बें समय से कई लोकेशनों पर 108 उपलब्ध नही हैं व रिपेयरिंग के लिए भेजी गई हैं जो 7-8 महिने बाद भी ठीक नही हुई। भवाली सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की राजकीय एम्बुलेंस को उजाला एकेडेमी के अतिरिक्त प्रभार से व एम्बुलेंस चालक को वीआईपी ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है। साथ ही युवाओ ने कहा की जिस लोकेशंस से 108 नदारद हैं उन लोकेशन पर तत्काल एम्बुलेंस वाहन तैनात किया जाए। उत्तराखंड युवा एकता मंच को प्राप्त डीपीओ के



खिलाफ शिकायती पत्र भी मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा। जिसपर विभाग ने गंभीरता दिखाते हुए जनपद के 108 के डीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही कार्यालय उपस्थित होकर स्पष्टीकरण मांगने की बात कही। बेरोजगार संघ अध्यक्ष पवन ने कहा की 108 वाहन चालको की कमी होने के बावजूद भी कंपनी नए चालको की भर्ती नही कर रही हैं। कंपनी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए देने में व आपातकालीन वाहनों का रखरखाव सुनिश्चित नही कर पा रही हैं तो तत्काल प्रभाव से राज्य सरकार को गंभीरता दिखाते हुए कंपनी के साथ अनुबंध निरस्त कर देना चाहिए। पवन ने बताया की इस संबंध मे उन्होंने राज्य की स्वास्थ्य महानिदेशक से भी दूरभाष पर बात कर आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष युवा मंच नीरज कन्याल, उपाध्यक्ष बेरोजगार संघ राहुल रावत, सचिव पियूष कुमार, भाष्कर जोशी, अभिषेक कुमार, सूरज रावल, सागर बिष्ट, संजय, आयुष आदि मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# ऐश्वर्या के गाने देख उनके हाव-भाव की नकल करती थीं आलिया





*आलिया भट्ट हिंदी फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री हैं, जिन्हें उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जाना जाता है। उन्होंने लगातार अपनी शानदार अभिनय क्षमता से दर्शकों का दिल जीता है। हाईवे,र ाजी, गंगूबाई काठियावाड़ी आदि कई फिल्मों से उन्होंने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। इन दिनों आलिया अपनी आगामी फिल्म जिगरा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान वह कई इंटरव्यू दे रही हैं। इस बीच एल्योरा मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर बात की है। आलिया ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में की हैं। कई नवोदित अभिनेत्रियों के लिए वो प्रेरणास्त्रोत हैं, इस बीच हाल में ही उन्होंने दिग्गज अभिनेत्री ऐश्वर्या राय के अपने उपर हुए प्रभाव को लेकर बात की है। उन्होंने याद करते हुए बताया कि वह ऐश्वर्या के गाने देखकर उनके चेहरे के हाव-भाव को समझती थीं। दरअसल इस इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री से भारतीय सिनेमा से अपने पसंदीदा कलाकार का नाम बताने के लिए कहा गया। इसके जवाब में अभिनेत्री ने शाहरुख खान के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम लिया। उन्होंने कहा कि ऐश्वर्या ने उनके पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। जिगरा अभिनेत्री ने साझा किया कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय फिल्मों को संगीत, गाने और डांस के जरिए समझना शुरू किया था। उन्होंने कहा, जब बात किसी ऐसे व्यक्ति से सीखने या प्रेरित होने की आती है, जिसने स्क्रीन पर सबसे खूबसूरत तरीके से डांस किया हो, तो मैं ऐश्वर्या राय बच्चन का जिक्र किए बिना नहीं रह सकती। वह वाकई मंत्रमुग्ध कर देती थीं और आज भी कर देती हैं।*

### सुंदर डांस मूव्स और पूरे ट्रैक में खुद को पेश किया

*अभिनेत्री ने इसमें आगे जोड़ते हुए कहा कि वह अभिनय की कई चीजें सीखने के लिए भी ऐश्वर्या का अनुसरण करती थीं। उन्होंने विस्तार से बताया कि जब भी उन्हें अपनी फिल्म के किसी गाने के लिए प्रदर्शन करना होता था, तो वह ऐश्वर्या के चेहरे पर भावों को पकड़ने की कोशिश करती थीं। उन्होंने कहा अपने लिए उनके गाने देखती थीं। आलिया ने कहा कि वह देवदास में उनके सुंदर डांस मूव्स और पूरे ट्रैक में उन्होंने जिस तरह से खुद को पेश किया है, वो देखती और सीखती थीं।*

# सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना हेतु गुरुवार को श्री राम सेवक सभा प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान आयुष भंडारी, राहुल जोशी एवं अन्य हनुमान भक्तों की मंडली द्वारा माहौल भक्तिमय बनाया गया।

इस दौरान संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला, लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल, मण्डल अध्यक्ष कविता गंगोला समेत अमिता साह, अध्यक्ष राम सेवक सभा मनोज साह, प्रबंधक विमल चौधरी के अलावा दया बिष्ट, तारा राणा, तारा बोरा, अरुण कुमार तथा मण्डल महामंत्री मोहित साह के साथ ही सुमन साह, दीपा जोशी, रश्मि राणा, मीनू बुधलाकोटी, प्रिया रावत, कुसुम सनवाल, चंद्रा पंत, माधवी दरमवाल, गीता साह, कमला पांडे तथा जानकी बिष्ट व नीरज बिष्ट आदि भक्तजन उपस्थित रहे।



## News कॉर्नर

### बाइक सवार ने खड़ी स्कूटी में मारी टक्कर

**नैनीताल ।** नगर की शान समझी जाने वाली मॉल रोड पर देर रात एक बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़ी स्कूटी में टक्कर मार दी। युवक की शिकायत पर पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी संतोष ने अपनी स्कूटी देर रात मॉलरोड के किनारे खड़ी की थी। देर रात एक बाइक सवार ने तेज गति में सडक़ किनारे खड़ी स्कूटी में टक्कर मार स्कूटी क्षतिग्रस्त कर दी। सुबह क्षतिग्रस्त स्कूटी देख सन्तोष तल्लीताल पुलिस थाने के पहुँचा। जहां उसने शिकायत कर पुलिस से मदद की मांग की। मामले में एसओ रमेश बोरा ने बताया कि युवक की शिकायत पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### नव नियुक्त कुल सचिव मंद्रवाल का किया स्वागत



**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने गुरुवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुल सचिव मंगल सिंह मंद्रवाल को अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। बता दें कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में कुलसचिव के पद पर ट्रांसफ र होकर आए मंगल सिंह मंद्रवाल ने कुछ दिन पूर्व ही कार्यभार ग्रहण किया है। कूटा ने कुलसचिव मंद्रवाल से शिष्टाचार मुलाकात कर स्वागत किया । कूटा के शिष्टमंडल में अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी,महासचिव डा.विजय कुमार समेत प्रो. लक्ष्मण सिंह लोधियाल तथा प्रो.नीलू लोधियाल शामिल रहे।

# भजन संध्या: बाबा आज ठाणे आयो है भरदे रे श्याम झोली...

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



पर्वतीय उत्थान मंच हल्द्वानी में विगत वर्षों की भांति श्री श्याम मित्र मंडली की टीम के द्वारा विशाल श्री श्याम संकीर्तन जागरण हुआ। जिसमें विख्यात भजन सम्राट नंदकिशोर नंदू जी श्री श्याम बाबा के भजनों का गुणगान करते हुए कीर्तन की है रात बाबा आज ठाणे आयो है भरदे रे श्याम झोली जैसे भजनों को सुनकर पूरा मैदान बाबा श्याम की मस्ती में झूमने लगा, उनके साथ मुंबई के प्रख्यात गायक मनीष भट्ट जी ने आजा तेरे दास पुकारे और गुड़ खाले कान्हा आँखों मे सुरमा थारे और उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा जी द्वारा अपनी प्रस्तुति नाथ थारे सरन आयो रे दी।

संकीर्तन महोत्सव में मुख्य रूप से श्री श्याम जी का भव्य दरबार( जींद हरियाणा वालों का) बाबा की भव्य जोत,और फूलों की सजावट, श्री श्याम रसोई भंडारा, छप्पन भोग, का विशेष आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्री श्याम प्रेमी तराई- भाबर से भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

श्री श्याम भक्त मंडली ,महिला मंडली हल्द्वानी सहित आसपास के समस्त श्याम प्रेमियों ने उपस्थित होकर बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा का गुणगान सुनने के लिए सायं 7 बजे से उत्थानमंच में भारी भीड़ आयी, जो रात्रि 1 बजे तक बाबा के भजनों में झूमती गाती, नाचती रही।श्री श्याम बाबा जी के संकीर्तन को सफल बनाने में शशि भूषण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, सुनील मित्तल, विपिन गुप्ता, अंकित पाल, गौरव अग्रवाल, हनी अग्रवाल, निशु अग्रवाल, नवीन भटेजा, सौरभ अग्रवाल, रवि पलड़िया, हर्ष वर्द्धन पांडे, सोनू बेलवाल, अनिल पाल, हर्षित पाल, राहुल भट्ट, संजीव कश्यप वैभव गुप्ता, प्रदीप गोयल,हेमंत अग्रवाल,महिला मंडली से मधु अग्रवाल, रश्मि गर्ग,द्रोपदी गोपाल, सीमा सिंघल, अलका अग्रवाल, मीतू मित्तल, सुषमा गुप्ता सहित श्री श्याम भक्त मंडली के सेवक देर रात्रि तक सेवा में लगे रहे।

# पुलिस ने 10.46 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस ने 10.46 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। शान्ति व्यवस्था कायम रखने और मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के लिए बनभूलपुरा थाना पुलिस देर रात गश्त पर थी।

इस बीच गफूर बस्ती में नेपाली बस्ती के पास एक युवक संदिग्धावस्था में खड़ा दिखा। जो पुलिस कर्मियों को देख गली में भागने की कोशिश करने लगा।



शक होने पर पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी में युवक के पास से 10.46 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम जुबेद पुत्र पुत्तन निवासी गफूर बस्ती बताया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया तस्कर लंबे समय से इस कारोबार में संलिप्त रहा है। वह स्मैक पीने का आदी है और लत पूरी करने के लिए ही स्मैक बेचने का काम भी करता है।

तस्कर ने पुलिस को यह भी बताया कि वह उक्त स्मैक गफूरबस्ती में ही रहने वाले फरमान नामक सख्श से खरीद कर लाता है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने फरमान को भी वांछित कर दिया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### पुलिस से पुत्र की बरामदगी की लगाई गुहार

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने अपने पुत्र की गुमशुदगी पुलिस में दर्ज कराते हुए सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस में दर्ज गुमशुदगी में हाईडिल गेट कॉलोनी निवासी गणेश जोशी ने कहा है कि उसका 16 वर्षीय पुत्र प्रकाश बीती 18 सितम्बर को स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। उसकी संभावित स्थानों में तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसने पुलिस से पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

# भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विद्या भारती उत्तराखंड द्वारा आयोजित नैनीताल जिले के भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड के विद्यालय एवं जन/शिशु शिक्षा समिति उत्तराखंड के विद्यालयों में भौतिक विज्ञान/ विज्ञान एवं गणित विषय पढ़ने वाले आचार्य/ आचार्याओं की दो दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गयी।

कार्यशाला में मुख्य रूप से हरगोविंद सुयाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य खीम सिंह बिष्ट एवं नैनीताल जिले के जिला प्रशिक्षण प्रमुख राजेश शर्मा व प्रांतीय प्रशिक्षण टोली के सदस्य दीवान सिंह तथा शुभेंदु गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला को संपन्न कराने में रिसोर्स पर्सन के रूप में डा. तारा सहायक प्राध्यापक भौतिक विज्ञान लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज हल्दुचौड़ एवं डॉ. शिवेंद्र सहायक प्राध्यापक गणित डिग्री कॉलेज खटीमा, मनीष भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार मुख्य रूप से रहे। कार्यशाला में शिवेंद्र ने गणित का प्रशिक्षण सभी गणित के आचार्यों को दिया जबकि मनीष एवं डॉक्टर तारा ने भौतिक विज्ञान की बारीखियों से सभी को अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान खीम सिंह बिष्ट जी ने सभी आए हुए शिक्षार्थी एवं रिसोर्स परसन का स्वागत किया एवं विद्या भारती में प्रशिक्षण का महत्व इस विषय से अवगत कराया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण की प्रस्तावना एवं उद्देश्य को जिला प्रशिक्षण प्रमुख राजेश शर्मा प्रधानाचार्य हीरावती माधवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शांतिपुरी ने किया। हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हल्द्वानी में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों में भौतिक विज्ञान/विज्ञान एवं गणित पढ़ने वाले आचार्य- आचार्याओं ने प्रतिभाग किया तथा सभी विषयों की नई-नई विधाओं से अवगत हुए।

# पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय के छात्रावास का उद्घाटन



नैनीताल

हमारे संवाददाता

शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का वीरभट्टी स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय परिसर में गुरुवार को नव निर्मित छात्रावास मोहन कृपा का उद्घाटन पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड भगत सिंह कोश्यारी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सर कार्यवाह अरुण, डॉ. दिनेश,अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्यद्ध, जगदीश,क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, डॉ शैलेन्द्र प्रांत प्रचारक उत्तराखंडद्ध तथा विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार अग्रवाल, श्याम तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश समेत हरिबाबू वार्ष्णेय पूर्व प्रधानाचार्य सरस्वती विहार एवं पराग धकाते की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम**

● छात्रों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मोहन कृपा छात्रावास का निर्माण

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मोहन कृपा छात्रावास का निर्माण किया गया है ताकि विद्यार्थियों के ठहरने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। समारोह में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे और विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की सराहना की।

### मौसम बदलते ही मरीजों की संख्या बढ़ने लगी

**नैनीताल।** मौसम में आए बदलाव के बाद जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या अब बढ़ने लगी है। बता दें कि बीडी पांडे अस्पताल में मौसम के थोड़ा साफ होते ही अस्पताल में मरीजो की संख्या बढ़ रही है। जिसमें से ज्यादातर मरीज वायरल फ ीवर तथा ब्लड प्रेशर, सांस और मेडिकल फि टनेस के आ रहे हैं। जहाँ बीडी पांडे में समान्य दिनों में रोजाना 500 की ओपीडी होती थी मौसम के बदलाव के कारण बढ़कर गुरुवार को यह 672 पहुँच गयी। वरिष्ठ फिजीशियन डा.महिमन सिंह दुगताल ने बताया कि मौसम में आ रहे बदलाव की वजह से यह संख्या बढ़ी है।

# पेड़ लगाओ- नैनीताल बचाओ अभियान, पौधारोपण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जय जननी- जय भारत की टीम ने गुरुवार को पेड़ लगाओ- नैनीताल बचाओ अभियान के तहत नैनीताल के अरविंद आश्रम के पास एवेर फॉइल क्षेत्र के जंगल में पौधारोपण किया।

बता दें कि टीम के नैनीताल में पितरों के नाम पौधे लगाओ अभियान किया गया जिसमें देवदार के 200 से अधिक पौधे लगाए गए।

टीम के मुताबिक यह पौधे प्रकृति व पर्यावरण प्रेमी अनिता तिवारी द्वारा दिये गए थे। बता दें कि जय जननी जय भारत की टीम लगातार नैनीताल के विभिन्न क्षेत्रों में पौधे लगाती आ रही है ओर लोगों को भी पौधे लगाने तथा जंगलों को बचाने के लिए जागरूक करते आ रही है। पौधरोपण अभियान में टीम के संस्थापक मनोज साह जगाती समेत गोधन जीना,सचिन कुमार, साहिल सिंह चौहान तथा भावेश सिंह बिष्ट शामिल रहे।

# स्वच्छता पखवाड़े को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में नमामि गंगे एवं एनएसएस के अंतर्गत मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल तथा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी नमामि गंगे डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता का विषय स्वच्छता अभियान एक कदम विकसित भारत की ओर था। इसमें छात्राओं ने अपने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने पूरे भारत में स्वच्छता और सफाई में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। लाखों शौचालयों का निर्माण किया गया है और कई गांवों, शहरों और जिलों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है। पर्यावरण शिक्षा से शैक्षणिक उपलब्धि में सुधार होता है। प्रतियोगिता में बीकॉम की दिया चतवानी ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय सेम की कोमल बिष्ट ने द्वितीय स्थान तथा बीकॉम तृतीय सेम की हेमा जोशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ0 रेखा जोशी, डॉ0 हिमानी तथा डॉ0 विद्या कुमारी रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता पंत ने किया।

### गैस सिलेंडर फटने से महिला झूलसी

**हल्द्वानी।** झोपड़ी में खाना बना रही महिला गैस सिलेंडर फटने से झुलस गई। ग्राम हिम्मतपुर मल्ला में झोपड़ी जल गई है,जिसके चलते एक महिला भी झुलस गई है जिसे तत्काल सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

मामला हिम्मतपुर मल्ला क्षेत्र का है जहां पर एक झोपड़ी में में रखा सिलेंडर अचानक फट गया जिसके चलते महिले भी झुलस गई है हालांकि उसकी स्थिति सामान्य है लेकिन उसे इलाज के लिए सुशीला तिवारी में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर मुखानी थाना पुलिस वा पटवारी भी पहुंच गए हैं। घटनास्थल का मौका मुआयना किया।